Daily Current Affairs 25 June 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 23 जून को मनाया गया संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस
• संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 23 जून को दुनिया भर के लोक सेवाओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में 'संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस' का आयोजन किया जाता है। इस साल के आयोजन का विषय 'कोविड-19 से बेहतर तरीके से निर्माण करना: सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीन साझेदारी को बढ़ाना' (Building back better from COVID-19: Enhancing innovative partnerships to meet the Sustainable Development Goals) है।

2. राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना को दी मंजूरी
• राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर प्रदेश में कक्षा 01 से 8वीं तक के बच्चों को 'मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना' के तहत सप्ताह में दो दिन दूध उपलब्ध करवाया जाएगा।
• मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में घोषित इस योजना को मंजूरी दे दी है। मिड डे मील योजना से जुड़े राजकीय विद्यालयों, मदरसों एवं विशेष प्रशिक्षण केंद्रों में बच्चों को दूध उपलब्ध कराया जाएगा।योजना के तहत राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पाउडर से तैयार दूध सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार को उपलब्ध करवाया जाएगा।

3. IPS अधिकारी दिनकर गुप्ता राष्ट्रीय जाँच एजेंसी के महानिदेशक नियुक्त किए गए
• 23 जून, 2022 को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दिनकर गुप्ता को राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) का महानिदेशक नियुक्त किया गया। गुप्ता 1987 बैच के पंजाब कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 31 मार्च, 2024, यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक एनआईए के महानिदेशक के रूप में गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

4. 2023 में जम्मू-कश्मीर में होगी जी-20 की बैठक
• दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के प्रभावशाली समूह जी-20 की बैठक 2023 में भारत के जम्मू-कश्मीर में होगी। केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने बैठकों के समग्र समन्वय के लिए 23 जून, 2022 को पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया।
• केंद्र द्वारा अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के तहत तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को प्राप्त विशेष दर्जे की समाप्ति और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाला यह पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन होगा।

5. एशियाई साइक्लिंग चैम्पियनशिप 2022 में जापान रहा टॉप पर
• 22 जून, 2022 को जापान ने समाप्त हुई एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप 2022 में कुल 27 पदक जीतते हुए पहले स्थान पर प्रतियोगिता को समाप्त किया है। 18 से 22 जून तक दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर खेल परिसर में आयोजित चैम्पियनशिप में भारतीय साइक्लिंग टीम ने 02 स्वर्ण, 06 रजत

और 15 कांस्य सहित कुल 23 पदक जीते। भारतीय साइकिलिंग टीम पांचवें स्थान पर रही। यह किसी भी भारतीय साइक्लिंग दल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

6. नई दिल्ली में 'ज्योतिर्गमय उत्सव' का किया जा रहा आयोजन
• 21 जून से 25 जून, 2022 तक नई दिल्ली में 'ज्योतिर्गमय उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने 'ज्योतिर्गमय उत्सव' का उद्घाटन किया है। यह संगीत नाटक अकादमी का एक अनूठा प्रयास है, जो भारत की लुप्त होती कलाओं को उबारने के लिए किया गया है। 21-25 जून तक चलने वाला यह एक 5-दिवसीय उत्सव है।

7. मोस्ट वैल्यूएबल ग्लोबल ब्रांड्स में शामिल हुए TCS, HDFC बैंक, इंफोसिस और LIC
• कांतार ब्रैंड्ज़ 2022 (Kantar Brandz) 'मोस्ट वैल्यूएबल ग्लोबल ब्रांड्स रिपोर्ट' के अनुसार 4 भारतीय कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (TCS), HDFC बैंक, इंफोसिस और लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (LIC) शीर्ष 100 वैश्विक सबसे बड़े ब्रांडों में शामिल हैं।
• ऐप्पल ने 947.1 बिलियन अमेरिकी डालर के ब्रांड मूल्य के साथ पहले ट्रिलियन-डॉलर ब्रांड बनने के लिए अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। इसके बाद गूगल, अमेज़ॅन और माइक्रोसॉफ्ट का स्थान है।

8. DRDO ने किया 'वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल का सफल परीक्षण
• 24 जून, 2022 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारतीय नौसेना ने 'वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (VL-SRSAM) का ओडिशा तट स्थित चांदीपुर समेकित परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है।
• यह परीक्षण भारतीय नौसैनिक पोत से 24 जून, 2022 को किया गया। VL-SRSAM पोत पर तैनात की जाने वाली हथियार प्रणाली है, जो समुद्र-स्किमिंग लक्ष्यों सहित सीमित दूरी के विभिन्न हवाई खतरों को बेअसर कर सकती है।

9. कैरेबियन द्वीप समूह में दुनिया के सबसे बड़े जीवाणु की गई खोज
• हाल ही में वैज्ञानिकों ने कैरेबियन मैंग्रोव दलदल में दुनिया के सबसे बड़े जीवाणु की खोज की है। यह जीवाणु कैरेबियन द्वीप समूह के ग्वाडेलोपे मैंग्रोव में पाया गया है। इस जीवाणु को 'थियोमार्गारीटा मैग्निफिका' (Thiomargarita magnifica) नाम दिया गया है। अधिकांशतः जीवाणु सूक्ष्म होते हैं, लेकिन यह इतना बड़ा है कि इसे नग्न आँखों से भी देखा जा सकता है।

10. महाराष्ट्र में चल रहे सियासी संकट के बीच राज्यपाल का फ्लोर टेस्ट फिर बना चर्चा का विषय
• पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र में चल रहे सियासी संकट में राज्यपाल का फ्लोर टेस्ट कराने का निर्णय एक बार फिर चर्चा में बना हुआ है। महाराष्ट्र में राजनीतिक स्थिति अस्थिर बनी हुई है। शिवसेना से बगावत करने वाले विधायकों ने चार दिन बाद भी अब तक कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया है।
• शिवसेना के बागी विधायक 21 जून से गुवाहाटी के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में राज्य के शहरी मामलों के मंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई में ठहरे हुए है। बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में एकनाथ शिंदे ने दावा किया है कि उन्हें और विधायकों का समर्थन मिल रहा है।